# DOON UNIVERSITY
# NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

# प्रो. सुरेखा दोबारा दून विवि की कुलपति बनीं

**उपलब्धि**

देहरादून, विशेष संवाददाता। राजभवन ने प्रो. सुरेखा डंगवाल को एक बार फिर दून विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया है। जनवरी 2021 में कुलपति के रूप में दून विवि में नियुक्त प्रो. डंगवाल का यह दूसरा कार्यकाल होगा। विश्वविद्यालय में अकादमिक सुधार और शिक्षा में नवाचार उनके दूसरे कार्यकाल मिलने का आधार बनें हैं।

सोमवार को राजभवन ने प्रो. डंगवाल की नियुक्ति के आदेश जारी किए। राजभवन के अनुसार उन्हें कार्यभार ग्रहण की तारीख से तीन साल या अधिवर्षता आयु पूरी करने तक कुलपति नियुक्त किया गया है।

मालूम हो कि 19 जनवरी 21 में उन्हें पहली बार कुलपति का दायित्व मिला था। इस साल जनवरी में तीन साल की अवधि पूरी होने पर राजभवन ने सेवा विस्तार दे दिया था। नए कुलपति चयन की प्रक्रिया में उनका बायोडाटा सबसे प्रभावशाली रहा।

दून विश्वविद्यालय में प्रो. डंगवाल के कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए राजभवन ने पुनः उनके नाम पर मुहर लगा दी। मालूम हो कि प्रो. डंगवाल के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में कई नए प्रयोग किए गए। विवि में नित्यानंद हिमालयन शोध केंद्र की स्थापना की गई। हिमालयन के भूगर्भीय अध्ययन के लिए आधुनिक जियोफार्मेटिक लैब की स्थापना भी की गई। इसके जरिए हिमालयी पर्यावरण और भूगर्भ का अध्ययन में सहायता मिली है। हाईटेक ई-लाइब्रेरी की स्थापना भी उनके कार्यकाल का प्रमुख कार्य रहा है। इसके साथ ही राज्य के छात्रों की सुविधा के लिए विवि में बीटेक कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट इन अरबन डेवलपमेंट समेत कुछ नए सेक्टर में नए कोर्स भी शुरू हुए हैं। गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी समेत चार बोलियों के डिप्लोमा कोर्स को भी काफी सराहना मिली है।

प्रो. सुरेखा डंगवाल। ● हिन्दुस्तान

## दून विवि में नौकरी पेशा वर्ग के लिए एमबीए का मौका

देहरादून। दून विवि में पार्ट टाइम एमबीए के लिए दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई, जो 25 जून तक चलेगी। यह कोर्स केवल नौकरीपेशा लोगों के लिए चलाया जा रहा है। यानी आपको नौकरी के साथ दो साल की एमबीए डिग्री पाने का मौका मिलेगा। दून विवि एग्जीक्यूटिव एमबीए यानी ई-एमबीए नाम से दो साल का पार्टटाइम कोर्स करा रहा है। यहां सरकारी या प्राइवेट नौकरी करने वाले ग्रेजुएट लोग दाखिला ले सकते हैं। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि इस कोर्स की खास बात यह है कि वीकएंड में दो दिन ही कक्षाएं लगेंगी। इस कोर्स के लिए कम से कम तीन साल की नौकरी का अनुभव जरूरी है। इंटरव्यू के आधार पर दाखिले दिए जाएंगे। इच्छुक लोग 25 जून तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

News paper – Hindustan
Date – 11.06.2024